प्रकाशनार्थ

27 जुलाई 2025 गोरखपुर

कारगिल युद्ध विजय दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर दी पंजाबी समाज( रजिस्टर्ड) श्री श्री गोपाल मंदिर मोहद्दीपुर गोरखपुर में गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वधान में किया गया है ।
सर्वप्रथम कारगिल युद्ध विजय पर कार्यक्रम के आयोजक श्री नवीन भल्ला जी रक्तदान कर प्रशंसा जताई तथा सभी स्वैच्छिक रक्तदान जागरूक किया और कहा कि रक्तदान एक महादान है जिसके द्वारा जीवन बचाए जाते हैं आपके एक रक्तदान से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है तथा गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है।
ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हैं और लोगो को निरंतर रक्तदान करने की प्रेरणा भी दी ।
डॉ अवधेश अग्रवाल बताते हैं कि कारगिल युद्ध , भारत और पाकिस्तान के बीच मई से जुलाई 1999 तक लद्दाख के कारगिल जिले में लड़ा गया था, जो उस समय भारत प्रशासित जम्मू और कश्मीर राज्य का हिस्सा था और नियंत्रण रेखा ( एल ओ सी ) पर स्थित था। भारत में इस संघर्ष को ऑपरेशन विजय भी कहा जाता है।
इस रक्तदान शिविर में मनमोहन, सिद्धार्थ, अमित, उत्कर्ष, तरुन समेत अन्य 25 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान को सफल बनाने में टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारी का मत्वपूर्ण योगदान रहा।